# SEHER कार्यक्रम

**स्रोत: पी.आई.बी.**

हाल ही में महिला उद्यमिता मंच (Women Entrepreneurship Platform - WEP) और **ट्रांसयूनियन क्रेडिट इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (इंडिया) लिमिटेड [TransUnion CIBIL]** ने भारत में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिये **मानव संसाधन सशक्तीकरण सोसायटी (Society for Empowering Human Resource- SEHER)** कार्यक्रम शुरू किया है।

- इसका उद्देश्य **महिला उद्यमियों के बीच वित्त, ऋण तक पहुँच और प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाना है,** इसके लिये उन्हें व्यक्तिगत संसाधन तथा उपकरण प्रदान करना है।
- भारत में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देकर **30 मिलियन से अधिक** नए महिला स्वामित्व वाले उद्यम बना सकता है जिससे **150-170 मिलियन से अधिक** नौकरियाँ सृजित होंगी।
- **भारत में व्यवसाय में संलग्न महिलाएँ:**
  - भारत में 63 मिलियन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम ( Micro, Small, and Medium Enterprises - MSME) हैं, जिनमें से लगभग **20% महिलाओं** के स्वामित्व में हैं तथा **27 मिलियन** लोगों को रोज़गार प्रदान करते हैं।
  - विगत 5 वर्षों (वित्तवर्ष 2019 - वित्तवर्ष 2024) में **महिलाओं द्वारा व्यावसायिक ऋण की मांग में 3.9 गुना वृद्धि हुई है।**
  - वित्तवर्ष 2019 और 2024 के बीच **व्यवसाय ऋण प्राप्त करने वाली महिला** उधारकर्त्ताओं की हिस्सेदारी में **10% की वृद्धि** हुई।
  - **शहरी क्षेत्रों (18.42%)** की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के स्वामित्व वाले उद्यमों **(22.24%)** की हिस्सेदारी तुलनात्मक रूप से अधिक है।
- WEP को वर्ष **2018 में** नीति आयोग द्वारा लॉन्च किया गया था और भारत में महिला उद्यमियों को समर्थन देने के लक्ष्य के साथ वर्ष 2022 में इसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी (Public-Private Partnership - PPP) में परिवर्तित कर दिया गया।
- **ट्रांसयूनियन सिबिल** भारत की अग्रणी ऋण सूचना कंपनी है, जिसके पास उपभोक्ता सूचना का सबसे बड़ा संग्रह है।

**और पढ़ें:** भारत का MSME क्षेत्र, UNDP, महिला उद्यमियों हेतु UNDP और DAY-NULM

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/seher-program